**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय सख्या 01, मेरठ।**

**निष्पादन वाद संख्या 430/2022 (पुराना नंबर 15/2013)**

मै. कैलाश सिविल कंस्ट्रक्शन बनाम उ.प्र.राज्य और अन्य

**दिनांकः 09-12-2024**

वाद पुकारा गया। उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित हैं।

निर्णीतऋणीगण द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 71 ग इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि स्टेट को विभाग के द्वारा की गई कार्यवाही के पत्राचार की प्रति उपलब्ध करानी थी जो अभी विभाग को लखनऊ से प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए कागजात दाखिल करने हेतु कोई अन्य तिथि नियत की जाये।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

दिनांक 27-11-2024 को निर्णीतऋणीगण को निर्देशित किया गया था कि वे विभाग द्वारा शासन से डिक्रीदार को धनराशि के भुगतान की कार्यवाही के लिए शासन को लिखे गये पत्र की प्रति प्रस्तुत करे, किन्तु आज निर्णीतऋणीगण द्वारा कागजात प्रस्तुत करने हेतु स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 71 ग अन्तिम अवसर के साथ स्वीकार किया जाता है। निर्णीतऋणीगण अगली तिथि पर डिक्रीदार को धनराशि के भुगतान के लिए की गई कार्यवाही से संबंधित आवश्यक प्रपत्र न्यायालय में प्रस्तुत करें। पत्रावली दिनांक 17-12-2024 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2024.12.09 16:20:29 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court